# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com

राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद

भोपाल 18 मार्च 2026


### जेल में बंद आरोपी ने उपचार कराने के दौरान दिया था पुलिस को चकमा

# हत्या का फरार आरोपी 15 वर्ष बाद जयपुर में मिला, बदला था हुलिया



**जागरण, सागर।** तीस हजार रुपए का ईनामी और हत्या के मामले में फरार आरोपी आखिर 15 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। वह जयपुर में हुलिया बनाकर रह रहा था। पुलिस ने भी एक कदम आगे बढ़कर उसकी लोकेशन निकाली और भेष बदलकर उस पर निगरानी रखी। आरोपी की पुष्टि होते ही उसे धर-दबोचा और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं लंबे समय से फरार गंभीर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गोपालगंज पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। वर्ष 2011 से फरार एवं पुलिस महानिरीक्षक सागर द्वारा 30 हजार रुपए के इनाम से घोषित स्थाई वारंटी आरोपी अब्दुल राशिद पिता अब्दुल वाहिद निवासी शनिचरी चौगना थाना गोपालगंज को पुलिस टीम द्वारा जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी पूर्व में हत्या के गंभीर प्रकरण में जेल में निरुद्ध था जहां से उपचार के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद वह लगातार अपनी पहचान छुपाकर स्थान बदलता रहा और लगभग 15 वर्षों तक गिरफ्तारी से बचता रहा।

### पुलिस ने बदला भेष, रखी निगरानी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मजबूत सूचना तंत्र के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकानों का पता लगाया गया। उप निरीक्षक नीरज जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रदेश के बाहर जयपुर में भेष बदलकर सिविल ड्रेस में 4-5 दिनों तक डेरा डालकर लगातार निगरानी की तथा स्थानीय स्तर पर सूचनाएं एकत्रित कीं। प्रधान आरक्षक सौरभ, आरक्षक कुलदीप एवं हेमेंद्र द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया वहीं थाना स्तर पर आरक्षक हीरेन्द्र एवं थिरबम द्वारा इंटेलिजेंस का विश्लेषण किया गया। प्रदेश के बाहर गई टीम एवं अन्य टीमों के मध्य समन्वय स्थापित करने में उप निरीक्षक आरकेएस चौहान द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई लगातार निगरानी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति चिन्हित हुआ जिसकी गतिविधियां एवं हुलिया आरोपी से मेल खा रही थीं।

### रशीद की जगह अपना नाम बताया मदन

पकड़े जाने के बाद प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वयं को मदन नाम का बताकर गुमराह करने का प्रयास किया किन्तु पुलिस द्वारा फिजिकल वेरिफिकेशन एवं गहन पूछताछ के दौरान उसकी वास्तविक पहचान अब्दुल राशिद के रूप में स्थापित हुई जिसे उसने स्वीकार किया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उसे जेल भेजा गया।



# शनीचरी में मामूली विवाद ने लिया उग्र रूप, दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

### चार आरोपी गिरफ्तार, अन्य की हो रही तलाश, स्थिति नियंत्रण में

**जागरण, सागर।** शनिचरी क्षेत्र में मामूली विवाद उग्र लड़ाई में बदल गया लेकिन गोपालगंज पुलिस ने तत्काल ही कार्यवाही करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और विवेचना जारी है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाशी जारी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम लगभग 7 बजे थाना गोपालगंज अंतर्गत बसुरयाना मोहल्ला शनीचरी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश एवं घूरने की बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया जो देखते ही देखते उग्र मारपीट में बदल गया। प्रथम पक्ष के फरियादी इशरार खान पिता इरफान खान निवासी शनीचरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दूसरे पक्ष के व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू, लाठी-डंडों से हमला किया जिससे उन्हें एवं उनके साथियों को चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी समीर खान निवासी शनीचरी द्वारा भी प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रथम पक्ष पर मारपीट एवं विवाद करने के आरोप लगाए गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों को अलग किया जिससे संभावित बड़ा उपद्रव टल गया।

**घायलों को तत्काल अस्पताल भेजकर उपचार कराया**

घायलों को तत्काल अस्पताल भेजकर उपचार कराया गया। दोनों पक्षों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। साथ ही, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त किए गए। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और शेष आरोपियों की तलाश जारी है। सराहनीय भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम में सउनि राजेश चौबे, रमेश बंसल, धरम सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक अयूब खान, वीरू, जय सिंह, यशवंत, हरिओम, राधेश्याम, अनिल प्रभाकर, बाबू सिंह राजपूत, कैलाश सेन, आरक्षक बंटी, आनंद, अंकित तिवारी, प्रशांत, अरविंद, अतुल, अंकित हरदा, दशरथ, थिरबम, हीरेन्द्र, भरत, महिला आरक्षक पूजा शामिल रहे।

### न्यूज कार्नर

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन

**जागरण, राहतगढ़।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार एसडीएम रोहित वर्मा एवं तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर के मार्गदर्शन अनुसार सीबीएमओ डॉ विकेश फुसकेले द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया। 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर एवं 15 वर्ष से कम उम्र की 50 छात्राओं को एचपीव्ही वैक्सीन लगाई गई। सीबीएमओ के अनुसार राहतगढ़ विकासखंड में कुल 78 वैक्सीन लगाई गई जिसमें से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहतगढ़ में 50 वैक्सीन लगाई गई। संस्था प्राचार्य आरके कपूर ने छात्राओं को बहुत मोटिवेट किया जिससे यह वैक्सीनेशन अधिक हो पाया।

# बीएमसी से लापता मरीज का 11 दिन बाद जिला चिकित्सालय में मिला शव

### गोपालगंज पुलिस जुटी जांच में, परिजनों ने लगाया पुलिस पर आरोप

**जागरण, सागर।** बीएमसी से बीते 5 मार्च को लापता हुए 40 वर्षीय मरीज दिलीप साहू का शव सोमवार को जिला अस्पताल में मिला है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहननगर वार्ड निवासी 40 वर्षीय दिलीप साहू को पीठ में दर्द और कमजोरी की शिकायत थी। परिजनों ने उन्हें 25 फरवरी को इलाज के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। बीएमसी में दिलीप का इलाज चल रहा था और परिजनों के अनुसार उनकी हालत सामान्य थी। इसी बीच 5 मार्च की सुबह दिलीप अचानक अस्पताल के वार्ड में अपने पलंग से गायब हो गए। परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। अस्पताल प्रबंधन को सूचना देने के बाद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में दिलीप अपने पलंग से उठकर कुछ दूरी तक जाते हुए दिखाई दिए लेकिन उसके बाद नजर नहीं आए। परिजनों की शिकायत पर गोपालगंज थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच में लिया था।

मृतक के परिजन पप्पू साहू ने बताया कि परिवार के लोग 5 मार्च से ही दिलीप की तलाश कर रहे थे। इसी बीच सोमवार को पता चला कि दिलीप का जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उन्हें दिलीप मृत अवस्था में मिले। अस्पताल में बताया गया कि 5 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिलीप को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें तुरंत आईसीयू में रखा गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि वे लगातार मरीज की तलाश कर रहे थे। इसके बावजूद किसी भी विभाग ने उन्हें मरीज के जिला अस्पताल में भर्ती होने की कोई सूचना नहीं दी। गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जनसुनवाई में 194 आवेदनों पर कार्यवाही

**जागरण, सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 194 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जीआर, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में जनसुनवाई हुई। जिले के 194 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गौरतलब है कि जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आवेदक अपनी-अपनी परेशानियां लेकर आते हैं और उनका निराकरण किया जाता है।

# जिला बदर बदमाश था संगीन अपराध करने की तैयारी में

**जागरण, सागर।** मोतीनगर पुलिस ने जिला बदर आरोपी को जिले में नियम विरुद्ध प्रवेश करने पर गिर तार किया है। यह आरोपी थाने का निगरानीशुदा बदमाश है जो किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। उस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।मोतीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिलाबदर किया गया आदतन आरोपी सूरज आठ्या प्रतिबंध आदेश की अवहेलना करते हुए पुनः सागर क्षेत्र में प्रवेश कर ग्राम अमावनी के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त है तथा किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने का प्रयास करने लगाए किन्तु पुलिस टीम की सटीक घेराबंदी एवं तत्परता के चलते उसे बमुश्किल पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सूरज पिता नंदराम आठ्या उम्र 29 वर्ष निवासी पंतनगर वार्ड बताया। आरोपी से सागर में प्रवेश का वैध कारण पूछे जाने पर वह कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में पाया गया कि आरोपी को पूर्व में जिला दण्डाधिकारी सागर द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए जिले की सीमाओं से निष्कासित जिलाबदर किया गया था जिसका वह खुलेआम उल्लंघन कर रहा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 223(ए) भारतीय न्याय संहिता एवंमध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिर तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें: कमिश्नर

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश



**जागरण, सागर।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश पेंशन अधिकारियों और कोषालय अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग के सभी जिला पेंशन अधिकारी पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें वहीं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न प्रकार के स्वामित्वों का भुगतान भी समय सीमा में करना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर सुचारी ने कहा है कि संभाग में उद्योग और लघु उद्योग स्थापित कर लोगों को रोजगार मुहैया कराने की विपुल संभावनाएं हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए अधिकारी लोगों को उद्योग और लघु उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन उद्योग स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचना चाहिए। कमिश्नर ने उक्त निर्देश उद्योग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कोष एवं लेखा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा की। मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों को दिलाएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि चरण तीन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एमजीएसवाय चार के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक उद्योग मंदाकिनी पांडे, संयुक्त संचालक पेंशन अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**जरूरतमंद तबके को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ, हो पूरा क्रियान्वयन**

# आयुर्वेदिक केंद्र से डॉक्टर गायब, लोग परेशान

### बरोदिया कलां में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, 22 गांव के मरीज प्रभावित




**जागरण, मालथौन।** प्रदेश सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के दावे कर रही हो लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। नगर परिषद बरोदिया कलां स्थित सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल बदहाली का शिकार है। यहां पदस्थ डॉक्टर और कर्मचारी अक्सर अपनी ड्यूटी से नदारद रहते हैं जिसके चलते अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहता है।

यह अस्पताल क्षेत्र के लगभग 22 गांवों के मरीजों के लिए उपचार का एकमात्र प्रमुख केंद्र है। दूर-दराज के गांवों से ग्रामीण इस उम्मीद में यहां आते हैं कि उन्हें आयुष चिकित्सा का लाभ मिलेगा लेकिन घंटों इंतजार के बाद उन्हें बिना दवा लिए खाली हाथ लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगो की शिकायत पर **जागरण** की टीम ने 11 बजे अस्पताल का अवलोकन किया यहा ताला लटका हुआ था। अस्पताल के बाहर मरीज डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल खुलने का कोई निश्चित समय नहीं है। डॉक्टरों की इस मनमानी के कारण लोगों को इलाज के लिए निजी क्लीनिकों या फि लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में स्टाफकी लापरवाही के चलते सरकारी भवन केवल शोपीस बनकर रह गया है। स्थानीय लोगों ने जिला आयुष अधिकारी और कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि जल्द ही अस्पताल में नियमित चिकित्सा व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

### वारदात

### मेडीकल कॉलेज में एडमिशन देने के नाम पर फर्जीवाड़ा

# खुद को कलेक्टर की बहन बताकर महिला कर रही ठगी

**जागरण, सागर।** जिले में अक्सर देखने में आता है कि नेताओं के चरण चाटुकार अपने आकाओं की दम पर फर्जीवाड़े का धंधा चमकाते नजर आते हैं और लोगों के साथ फर्जीवाड़ा करते हैं। वहीं जनसुनवाई में बैठे कलेक्टर संदीप जीआर के सामने फर्जीवाड़े का एक नया मामला सामने आया है।

इसमें स्वयं को कलेक्टर की बहन बताकर एक महिला 12वीं पास छात्राओं को डॉक्टर बनने का सपना दिखाकर उनके साथ फर्जीवाड़ा कर रही है। जनसुनवाई में आई पथरिया की करीब 4 छात्राओं ने यह आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में फर्जी रूप से डॉक्टर, अस्सिटेंट डॉक्टर और नर्सिंग कोर्स की डिग्री बांटने का प्रलोभन देकर मेडीकल कॉलेज सागर और रावतपुरा मेडीकल कॉलेज के नाम पर एडमीशन देकर हजारो रूपए का फर्जीवाड़ा करने वाली महिला सरिता त्रिवेदी की शिकायत की है और पूरे मामले की जांच कराकर ओरिजनल दस्तावेज और अब तक भरी गई फीस वापस कराने की मांग की है।



जनसुनवाई में नर्सिंग कॉलेज के छात्र पहुंचे और कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की।

जनसुनवाई में पथरिया से आई छात्राओं पूजा काछी, वर्षा आठिया, संतोषी काछी, भूमिका पटैल ने बताया कि करीब 17 महीने पहले हम लोगों ने सागर के तिलकगंज स्थित गीतांजलि और काकागंज स्थित रावतपुरा मेडिकल कॉलेज में अस्सिटेंट डॉक्टर के लिए एडमिशन लिया था। एडमिशन के दो दिन पहले हम लोगों के पास एक फोन आया जिसमें फोन करने वाली महिला ने अपने आपको निधि राजा बताते हुए कहा था कि आपका एडमिशन सागर मेडिकल कॉलेज में हुआ है,आप अच्छे नंबरों से पास हुए हैं, अगर आप दो दिन में एडमिशन नहीं लेते तो आपका एडमिशन रद्द हो जाएगा फिर दोबारा से आपको किसी भी कॉलेज में एडमिशन नहीं मिलेगा। इसके बाद हम लोगों ने एडमिशन ले लिया, एडमीशन लेने के बाद न तो हम लोगों को किसी प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है और न ही कॉलेज में पढ़ाई करवाई जाती है। छात्राओं ने अपनी शिकायत में बताया कि कॉलेज संचालक सरिता त्रिवेदी और निधि राजा द्वारा हर महीने केवल हम लोगों से फीस के पैसे मांगे जाते हैं, पैसे न देने पर हम लोगों को धमकाया जाता है कि अगर पैसे जमा नहीं किए तो हमारे कॉलेज में मत आना। छात्राओं ने बताया कि हम लोग अब तक करीब 21-21 हजार रूपए की राशि गीतांजलि कॉलेज तिलकगंज में जमा कर चुके हैं, जिसकी हमको कोई रसीद नहीं दी गई। छात्राओं ने बताया कि जब हम लोगों ने सागर में संचालित गीतांजलि मेडीकल कॉलेज और रावतपुरा मेडीकल कॉलेज के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि यह एक फर्जी कॉलेज है और इन कॉलेज संचालक के खिलाफ पहले भी कार्यवाही की जा चुकी है।

पथरिया से आई छात्राओं ने अपनी पीड़ा कलेक्टर के सामने बताते हुए कहा कि हम लोगों ने तिलकगंज स्थित गीतांजलि मेडीकल कॉलेज की संचालक सरिता त्रिवेदी से जाकर फीस वापस मांगी तो उनका कहना था कि हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता, मेरा भाई कलेक्टर है और गालियां देकर हम लोगों को कॉलेज से भगा दिया और कॉलेज संचालक सरिता त्रिवेदी का कहना था कि अगर तुम लोगों ने कहीं शिकायत की तो तुम लोगों के ऊपर मामला बनवा देंगे और जेल में बंद कर देंगे।

मामले में मजे की बात यह है कि कलेक्टर जनसुनवाई में जहां पीड़ित छात्राएं अपनी शिकायत लेकर पहुंची तो वहीं पर छात्राओं को पीड़ित करने वाली महिला भी वहीं पर पास में ही खड़ी होकर यह नजारा देखते हुए नजर आई। हालांकि छात्राओं ने बताया कि महिला उनसे बात कर रही थी और उनको शिकायत करने कलेक्ट्रेट परिसर में जाने से रोक रहीं थी, लेकिन वह नहीं मानी, और उन्होंने शिकायत कर दी। महिला के कान्टेक्ट काफी गहरे बताए जा रहे हैं। लगभग एक वर्ष पहले सागर के गोपालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीचरण चौराहे के पास एलआईसी बिल्डिंग में राधा रमन कॉलेज के नाम से कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे थे।यहां भी काफी अनियमितताएं मिली थीं।

## अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल सेवा के लिए समर्पित, जारी रहेंगे कार्य : डॉ. मिश्रा

### आयोजन में 25-26 में किए गए कार्यों को उल्लेखित किया गया, दी गई जानकारी

**जागरण, सागर।** अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 108 सागर का डिस्ट्रिक्ट कन्वेंशन एवं सम्मान समारोह डॉ.दिवाकर मिश्रा इंटरनेशनल डायरेक्टर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के चेयर पर्सन अलाय एमके जैन द्वारा क्लब के नियमों से सदस्यों को अवगत कराया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अलाय डॉ.वीना शर्मा ने सत्र 25-26 में किए गए कार्यों को उल्लेखित करते हुए आगे भी सेवा कार्यों को और भी अधिक गति और समर्पण से करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी अलाय डॉ.शैलेश आचार्य, अलाय डॉ.प्रतिभा जैन ने सत्र का सचिवीय प्रतिवेदन एवं गतिविधियों का ब्यौरा दिया। आगामी सत्र के लिए नियमानुसार डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 1 एवं वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 के लिए नामांकन एवं निर्वाचन किया गया। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अलाय महेंद्र राय ने दी।


**CHANGE OF NAME**

I, VITTAL, IS FATHER OF ARMY NO-4594130A, RANK-SEP, NAME- SHIVANAND DANADAMANI SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VILL-KUKADOLLI, TQ-BELAGAVI, DISTRICT-BELAGAVI, STATE-KARNATAKA. PIN CODE-591131, HAVE CHANGED MY NAME FROM VITTAL to VITTAL DANADAMANI VIDE AFFIDAVIT DATED 17/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, SUREKHA, IS MOTHER OF ARMY NO-4594130A, RANK-SEP, NAME-SHIVANAND DANADAMANI SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VILL-KUKADOLLI, TQ-BELAGAVI, DISTRICT-BELAGAVI, STATE-KARNATAKA. PIN CODE-591131, HAVE CHANGED MY NAME FROM SUREKHA to SUREKHA DANADAMANI VIDE AFFIDAVIT DATED 17/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

## न्यूज कार्नर

### जिला कोर कमेटी की बैठक भोपाल में संपन्न



**दमोह।** प्रभारी मंत्री एवं वरिष्ठ मंत्रिमंडल सदस्य इंदर सिंह परमार के भोपाल स्थित निवास पर भाजपा की जिला कोर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### गयादीन बाथम के निधन से माझी समाज में शोक

**दमोह।** निषादराज माझी समाज सेवा समिति भोपाल मप्र के सचिव संतोष रायकवार ने बताया कि बाथम समाज के अध्यक्षए माझी समाज के संरक्षक गयादीन बाथम का सुबह दुःखद निधन हो गया। गयादीन बाथम ने माझी समाज के लिए संगठित करने का काम किया है। उनके सार्थक प्रयास से माझी समाज समाज संगठित हुआ है। श्री बाथम के निधन से संपूर्ण मध्यप्रदेश में शोक की लहर व्याप्त है। निषादराज माझी समाज सेवा समिति भोपाल मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष मोंटी रायकवार ने संपूर्ण माझी समाज की और से शोक संवेदना व्यक्त की हैं।

### निषादराज जयंती को लेकर बैठक आज

**दमोह।** 23 मार्च को निषादराज जयंती पर शाम 4 बजे महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान से आयोजित विशाल शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर रैकवार, केवट, बर्मन, धुरिया, कहार, माझी समाज की कामकाजी बैठक का आयोजन दिनांक 18 मार्च को शाम 7 बजे आमचौपरा स्थित जहान्वी कुंज में कामकाजी टौली बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें समस्त वार्डों के प्रमुख लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### मर्चुरी में रखे शव से फैल रही दुर्गंध

**बीना जागरण।** आगासौद थाना अंतर्गत क्षेत्र में बेतवा नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सोमवार को पुलिस को बरामद हुआ था। हांसलखेड़ी गांव के पास मिले इस शव को करीब तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को नदी से निकालकर मॉर्चुरी में रखवाया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। यहां बुरी तरह से सढ़ चुकी स्थिति में शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा होने से परिसर में दुर्गंध फैल रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम हांसलखेड़ी निवासी कमल सिंह ठाकुर अपने खेत की तरफ जा रहे थे। तभी उनकी नजर नदी में पड़े शव पर पड़ी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना गांव के कोटवार को दी। कोटवार की सूचना पर आगासौद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। शव तीन से चार दिन पुराना है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव की पहचान के लिए आसपास के सभी थानों को सूचना भेजी जा रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव की शिनाख्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मर्चुरी में तीन से चार दिन पुराने रखे शव के कारण दुर्गंध आ रही है जिससे अस्पताल परिवार में लोगों का बुरा हाल हो रहा है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर मप्र शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जागरण दमोह।** वर्तमान में शिक्षकों की प्रमुख समस्या टीईटी परीक्षा को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दमोह द्वारा लगातार जिला ओर प्रदेश स्तर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं शासन से चर्चा कर इस समस्या के निराकरण हेतु उचित कदम उठाने का अनुरोध कर रहा है वहीं प्रदेश स्तर पर प्रांतीय इकाई इस समस्या को लेकर सक्रियता से कार्य कर रही है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता ने आज भोपाल में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर टीईटी परीक्षा स्थगित करने एवं उत्तर प्रदेश सरकार की भांति सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में पुनर्विचार याचिका लगाने हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने तत्काल मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल से दूरभाष पर चर्चा की एवं विभाग भी समूचे शिक्षक संवर्ग के हित में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाएगा, ऐसा आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। इसके बाद प्रांत अध्यक्ष एवं



महामंत्री ने लोक शिक्षण संचालनालय पहुंच कर आयुक्त एवं संचालक से बिंदुवार विस्तृत चर्चा की। संचालक लोक शिक्षण केके द्विवेदी द्वारा चर्चा के दौरान अपर संचालक सुश्री कामना आचार्य एवं अन्य अधिकारियों को बुलाकर शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में स्थिति स्पष्ट की। परीक्षा की तिथि बढ़ाने, पब्लिक डोमेन में सूची डालने व किन शिक्षकों को इसमें सम्मिलित होना है, इसकी विस्तृत जानकारी देने एवं सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाने संबंधी चर्चा की गई, चर्चा के द्वारा विभाग द्वारा संघ को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दमोह के वरिष्ठ मार्गदर्शक पारस कुमार जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष कमलेश सेन, संजय पाठक, अरविंद चौराहा, मनीष भारद्वाज, आरबी सिंह, नीतेश पाठक, महेश गुप्ता, श्रीमती दीपमाला जैन, नीलेश जैन, भागचंद जैन, संदीप सोनी, महेश विश्वकर्मा, अरविंद पटेल, जितेंद्र खटीक, अमित जैन, अशोक साहू आदि ने प्रांतीय इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता के प्रति आभार व्यस्त किया है।

**वन अग्नि सुरक्षा के लिए रायसेन में जागरुकता बाइक रैली**

# वनों को आग से बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए किया जागरूक

**जागरण रायसेन।** रायसेन में वन अग्नि सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को वन विभाग द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। सामान्य वनमंडल कार्यालय से सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी एवं कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। रैली में जनप्रतिनिधियों एवं वन अमले ने भाग लेते हुए वनों को आग से बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की



घटनाएं बढ़ जाती हैं जिन्हें रोकने में स्थानीय नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अपील की कि वन क्षेत्रों में सूखी घास-पत्तियां न जलाएं और जलती बीड़ी-सिगरेट न फेंकें। डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि वन विभाग ने गर्मी की शुरुआत के साथ ही व्यापक तैयारियां की हैं। वन्य जीवों के लिए 140 नए कृत्रिम जल स्रोत सौंसर बनाए गए हैं तथा 150 पुराने जल स्रोतों की सफाई कराई गई है। जहां पानी की कमी होगी वहां टैंकरों से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी ताकि वन्य प्राणी जंगल में ही सुरक्षित रह सकें।

### हिनौता स्कूल में सामूहिक नकल प्रकरण, अतिथि शिक्षिका बर्खास्त

**हटा।** हिनौता हायर सेकेंडरी स्कूल में 28 फरवरी को कक्षा 11वीं के अर्थशास्त्र परीक्षा में सामूहिक नकल कराने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने एक अतिथि शिक्षिका की सेवा समाप्त कर दी है हालांकि अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने से पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार परीक्षा के दौरान नकल का वीडियो वायरल हुआ था जिसकी शिकायत कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से की गई थी। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच कर संबंधित कक्षों के पर्यवेक्षकों और विद्यार्थियों के बयान लिए। जांच में अतिथि शिक्षिका रश्मि बड़गैया की भूमिका सामने आने पर उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। बताया गया कि कक्ष क्रमांक 4 और 6 में दीपा अठ्या, बबीता नेमा और अजय असाटी की ड्यूटी थी। बावजूद इसके रश्मि बड़गैया का अन्य कक्षों में प्रवेश करना और अपनी निर्धारित ड्यूटी छोड़ना गंभीर सवाल खड़े करता है। वहीं परीक्षा प्रभारी उमा खिरा पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से भी विवाद गहरा गया है। इस संबंध में बीईओ बीएल बिदौल्या ने बताया कि मामले में एक अतिथि शिक्षिका की सेवा समाप्त की गई है जबकि परीक्षा प्रभारी ने इस्तीफा दे दिया है। अन्य मामलों में अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अन्य पर कार्रवाई नहीं होने से उठे सवाल**



# सांचेत के काल भैरव धाम में उमड़ रही आस्था की भीड़

### हर शनिवार लगता है भक्तों का विशाल मेला

**जागरण रायसेन।** रायसेन जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सांचेत का काल भैरव धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां प्रत्येक शनिवार को भक्तों का विशाल मेला लगता है जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त बाबा काल भैरव के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और पूर्ण विश्वास के साथ वापस लौटते हैं। काल भैरव धाम के पीठाधीश्वर नाना गुरु सरकार के अनुसारए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु सांचेत पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले अनेक भक्तों की इच्छाएं पूर्ण हुई हैं जिससे इस धाम के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। धाम की एक विशेष पहचान यह भी बनती जा रही है कि यहां आकर सैकड़ों लोगों ने शराब का सेवन छोड़ने का संकल्प लिया है। नाना गुरु सरकार ने बताया कि उनकी प्रेरणा और बाबा काल भैरव की कृपा से कई लोग नशे की आदत से मुक्त हो चुके हैं जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। वहीं दूर-दूर से आए भक्तों का कहना है कि जब से उन्होंने इस दरबार में हाजिरी लगाई है उनके जीवन की कई समस्याएं दूर हो गई हैं। उनका विश्वास है कि बाबा काल भैरव और नाना गुरु सरकार के आशीर्वाद से उनके बिगड़े कार्य भी बनने लगे हैं। महाराष्ट्र से आई एक महिला भक्त ने बताया कि उन्होंने इस धाम के बारे में बहुत सुना था और अब अपने भाई की मनोकामना लेकर यहां आई हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी प्रार्थना अवश्य पूर्ण होगी। अन्य श्रद्धालुओं का भी कहना है कि इस दरबार में आने वाले हजारों भक्तों की इच्छाएं पूर्ण हो रही हैं, जिससे यह स्थल आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

### आपसी विवाद के चलते युवक पर चाकू से हमला

**जागरण दमोह।** आपसी विवाद के चलते कोतवाली थाना क्षेत्र के चैनपुरा मदरसा के पास सोमवार रात एक युवक पर डंडे और चाकू से हमला किया गया। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल युवक ने इस हमले का पड़ोस में रहने वाले अयूब और उसके पुत्र पर लगाया है। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चैनपुरा निवासी जुबेर खान ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात वह अपने घर जा रहे थे। गली में कुर्सी पर बैठे अय्यूब खान ने उन्हें रोका। जब जुबेर रुके तो अय्यूब ने उन्हें धमकी दी, निकलने से मना किया और गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। जुबेर के अनुसार अय्यूब के बेटे ने उन पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया। परिजनों ने जुबेर को बचाया और तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल जुबेर खान के बयान दर्ज किए और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हींगटी रोड पर बिना अनुमति हो रही प्लॉटिंग प्रशासन ने सड़क-नालियां तोड़ी, मचा हड़कंप

## अवैध कॉलोनी पर प्रशासन एक्शन मोड में, नोटिस देने के बाद की कार्रवाई





**बीना जागरण।** शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। मंगलवार को हींगटी रोड स्थित खुरई रेल ओवरब्रिज के सर्विस रोड किनारे विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर नगर पालिका और राजस्व अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और कॉलोनाइजरों में खौफ साफ नजर आया। जानकारी अनुसार खुरई रोड हींगटी रोड पर खसरा नंबर 505/1/1 की भूमि पर बिना डायवर्सन और बिना किसी वैध अनुमति के कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही थी। उक्त भूमि सुनीता जैन, योजना जैन, मेघा जैन, दर्शन, अपर्णा और प्रियांशु जैन के नाम दर्ज है। नगर पालिका द्वारा पहले ही संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

मंगलवार शाम करीब चार बजे सीएमओ राहुल कुमार कौरव के निर्देशन में नगर पालिका, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षण में पाया गया कि कॉलोनी का स्वरूप देकर प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी। इसके बाद बिना देर किए बुलडोजर चलाकर करीब 100 मीटर लंबी मुरम सड़क और दोनों ओर बनाई गई नालियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान भूमि स्वामी ने इसे गोदाम निर्माण बताया, लेकिन प्रशासन ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण गतिविधि कॉलोनी विकास जैसी प्रतीत हो रही थी। अधिकारियों का कहना है कि बिना डायवर्सन और अनुमति के इस प्रकार का निर्माण पूरी तरह अवैध है। सीएमओ राहुल कुमार कौरव ने सख्त लहजे में कहा कि नगर पालिका पिछले एक माह से लगातार अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों को नोटिस दे रही है, लेकिन नियमों की अनदेखी जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और जिन लोगों के जवाब नियमानुसार नहीं होंगे, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई को शहर में अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में अन्य कॉलोनाइजरों पर भी असर पड़ना तय माना जा रहा है। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार, सबइंजीनियर जयदीप शाक्यवार, रूबी जैन, नपा आरआई ब्रजेश राय एवं पुलिस प्रशासन उपस्थित रहा।

### प्रस्फुटन समितियों को प्रशिक्षण देकर योजनाओं के संबंध में किया जागरूक



**बीना जागरण।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था समन्वय मंडपम द्वारा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की 5 प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक के.के. मिश्री एवं विकासखंड समन्वयक नीरज शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, कार्यप्रणाली एवं समाज में जनभागीदारी बढ़ाने के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि प्रस्फुटन समितियां गांव स्तर पर सामाजिक जागरूकता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मिट्ठूलाल प्रजापति ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से समितियों के पदाधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे गांवों में बेहतर तरीके से सामाजिक कार्यों को संचालित कर सकते हैं। सत्यजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण में सेवाभावी संस्थाएं स्वयं को जन अभियान परिषद से जोड़ कर के कार्य करें जिस से उन्हें एवं उनके कार्यों को भी मान्यता मिले। कार्यक्रम में संस्था सचिव सत्यजीत सिंह, संस्था समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह तथा हर्ष सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों के कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समाज में जागरूकता फैलाने के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को और अधिक सक्रियता से करने का संकल्प लिया।

### भीम एवं गनेश वार्ड की शराब दुकान को लेकर विरोध, हटाने सौंपा ज्ञापन



**बीना जागरण।** भीम वार्ड एवं गणेश वार्ड की सीमा पर संचालित कंपोजिट शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील में ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष निर्मल रैकवार के नेतृत्व में नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री, आबकारी आयुक्त, कलेक्टर सागर एवं विधायक बीना के नाम आवेदन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में बताया गया कि शराब दुकान घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित हो रही है, जिसके पास कोचिंग सेंटर और प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। इससे महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से विवाद की स्थिति बनती रहती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से लगातार विरोध के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन, चक्का जाम और सत्याग्रह किया जाएगा। इस दौरान प्रेम अहिरवार, मीराबाई, सुखवती, गुलाबबाई, शीला, पार्वती, मोहनलाल रैकवार, तरुण, कृष्णा, संतोष रैकवार और लता सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### मानसिक रूप से कमजोर युवती ने लगाई फांसी

**बीना जागरण।** ग्राम परासरी में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार निकिता कुर्मी आयु 20 वर्ष पिता राजकुमार कुर्मी निवासी ग्राम परासरी मानसिक रूप से कमजोर थी। घटना के समय युवती की मां खेत पर काम कर रही थी और उसके पिता कृषि उपज मंडी गये हुये थे। घर पर सिर्फ उसकी दादी मौजूद थीं जो पूजा करने मंदिर गईं थी। जब युवती की दादी मंदिर से वापिस आईं तो उन्होनें अपनी पोती का शव फांसी पर लटका पाया।

# अभियानः टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मजबूत उपाय, वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित : एसडीएम



**बीना जागरण।** महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। बीना अनुभाग में अभियान की सतत निगरानी अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया, बीईओ नीतेश दुबे एवं बीआरसी महेंद्र जाट द्वारा की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने बताया कि किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की प्रभावी रोकथाम करना है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और बालिकाओं को निःशुल्क लगाई जा रही है। उन्होंने छात्राओं और अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण सर्वाइकल कैंसर है, जिसे एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से रोका जा सकता है। सही उम्र में लगाया गया यह टीका जीवनभर सुरक्षा प्रदान करता है। किसी तरह के भ्रम में न आयें, अफवाहों पर ध्यान न दे व सुरक्षित वैक्सीन लगवांये। बीएमओ संजीव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को अभियान के तहत 84 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। यह टीका करण शासकीय चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चिन्हित स्कूलों में लगाया



जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष 3 माह तक की आयु की बालिकाओं को टीका लगाया जा रहा है। अभियान में स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराएं और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### करंट लगने से महिला की मौत

**बीना जागरण।** खिमलासा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बसाहरी में एक 45 वर्षीय महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार श्रीबाई कुशवाहा आयु 45 वर्ष पति कैलाश कुशवाहा मंगलवार को घर के पास स्थित बगीचे में काम करने गई थी। पास ही में बोरिंग मशीन के लिये फैले बिजली के तार बगीचे में लगी फेंसिंग से झुक गये। महिला काम करते समय फेंसिंग में फैले करंट के संपर्क में आई। जिससे वह फेंसिंग में चिपक गई। घटना की जानकारी मिलते ही महिला का भतीजा सौरभ कुशवाहा मौके पर पहुंचा और महिला को डंडे की मदद से करंट से दूर किया। तब तक महिला के अन्य परिजन भी पहुंच चुके थे। परिजन महिला को शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज कार्नर

### ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम बालिका दस्तयाब

**छतरपुर ।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम/अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति, बालक, बालिकाएं एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। बाजार, धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों से गुम हुए सैकड़ो शिशु, बालक, बालिकाएं एवं अन्य की दस्तयाबी की गई है। दिनांक 1 जनवरी 2026 से अभी तक(पंजीकृत) गुम हुए 73 से अधिक बालक बालिकाएं देश के विभिन्न राज्यों से दस्तयाब की गई हैं।

### डायल 112 ने मानसिक अस्वस्थ किशोरी को परिजनों से मिलाया

**छतरपुर।** थाना भगवा क्षेत्र में सिमरिया गाँव में एक 13 वर्षीय किशोरी मिली है, जो घर का रास्ता भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 16-03-2026 को रात्रि 08 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल भगवा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक घनश्याम प्रजापति एवं पायलेट प्रमोद राय ने मौके पर पहुँचकर पीड़ित किशोरी को संरक्षण में लिया। जो अपने परिजन के बारे में जानकारी नहीं दे पा रही थी। डायल-112 जवानों ने किशोरी को एफआरव्ही वाहन से लेकर आस-पास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर किशोरी के परिजन की जानकारी मिली। डायल-112 जवानों ने किशोरी को एफआरव्ही वाहन से लेकर उसके घर पहुँचे। जहाँ किशोरी द्वारा पहचान और सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

## नपा में करोड़ों की गड़बड़ी पर बड़ा एक्शन

# 6 अधिकारियों को नोटिस; 15 दिन में जवाब नहीं तो एकतरफा कार्यवाही




**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ में सामने आई करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर शिकंजा कस दिया है।

विभाग के आयुक्त संकेत भौडवे ने वर्तमान सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया सहित तीन पूर्व सीएमओ, एक उपयंत्री और एक राजस्व निरीक्षक को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। सभी अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को पूर्व में जारी नोटिस के बाद की गई है। विभागीय जांच समिति की रिपोर्ट में अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े 9 गंभीर आरोप सिद्ध पाए गए हैं, जिसके बाद यह बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है।

### जांच में उजागर हुईं गंभीर गड़बड़ियां

जांच रिपोर्ट में नगर पालिका के कार्यों में कई स्तरों पर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है । मार्केट आवंटन में घोटालाः मां कर्माबाई मार्केट की दुकानों के आवंटन में निर्धारित ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और ऑफलाइन आवंटन किया गया। इससे पारदर्शिता प्रभावित हुई और नगर पालिका को करीब 18.89 लाख रुपये का नुकसान हुआ। अवैध नियुक्तियांः शासन द्वारा भर्ती पर रोक के बावजूद 15 से अधिक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई, जिससे निकाय पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ा। महंगी खरीदारीः एलईडी लाइट, फिटकरी और पाइपलाइन जैसी सामग्री बाजार दर से कहीं अधिक कीमतों पर खरीदी गई, जिसे जांच में वित्तीय अनियमितता माना गया है।

### ये अधिकारी आए जांच के दायरे में

आयुक्त द्वारा जारी नोटिस के अनुसार जिन अधिकारियों को जांच के दायरे में लिया गया है, उनमें ओमपाल सिंह भदोरिया (वर्तमान सीएमओ), रीता केलासिया (पूर्व सीएमओ), गीता मांझी (पूर्व सीएमओ), शिबी उपाध्याय (पूर्व सीएमओ), विजय सोनी (तत्कालीन उपयंत्री), दिलीप पाठक (राजस्व निरीक्षक) शामिल हैं। 15 दिन में जवाब अनिवार्य, नहीं तो होगी एकतरफा कार्रवाई

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि संबंधित अधिकारी निर्धारित 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के तहत एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को यह भी बताना होगा कि वे इस मामले में व्यक्तिगत सुनवाई चाहते हैं या नहीं।

### अध्यक्ष के बयान के बाद बढ़ी कार्रवाई

गौरतलब है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने पहले ही यह बयान दिया था कि किसी भी फाइल को अंतिम स्वीकृति देने से पहले इंजीनियर और सीएमओ स्तर पर जांच की जाती है। इसके बाद अब विभाग ने सीधे अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

इस कार्रवाई के बाद नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप की स्थिति है, वहीं शहर में भी इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब सभी की नजरें अधिकारियों के जवाब और विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि इस बड़े मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

## गैस सिलेंडर संकट पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कमी और कालाबाजारी के खिलाफ जिला कांग्रेस ने जोरदार विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करते हुए सिर पर खाली गैस सिलेंडर रखकर रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए छत्रसाल चौराहे पर समाप्त हुआ। यहां कार्यकर्ताओं ने टेंट लगाकर सड़क के बीच चूल्हा जलाया और प्रतीकात्मक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कोरोना काल और नोटबंदी के बाद अब गैस सिलेंडर की समस्या से आम जनता जूझ रही है, जबकि कालाबाजारी चरम पर पहुंच गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि गैस की किल्लत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने मांग की कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष लखन पटेल, महाप्रसाद पटेल, अनीश खान, अशोक मिश्रा, आदित्य मिश्रा, कपिल रिछारिया, मोनू सिंह, अवधेश सोनाकिया, दीप्ति पांडेय, पारुल मिश्रा, मंजू शर्मा, प्रियंका अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## झोलाछाप डॉक्टर के ऑपरेशन के बाद युवक की मौत



**बड़ामलहरा।** छतरपुर जिले के बड़ामलहरा अनुभाग अंतर्गत बाजना में एक कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा बवासीर के ऑपरेशन के बाद एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय बालचंद्र साहू, पिता कुद्दू साहू, निवासी शाहगढ़ (बिजावर) के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार बालचंद्र को बवासीर की समस्या थी, जिसके इलाज के लिए वह बाजना स्थित बंगाली क्लिनिक पहुंचे थे। यहां डॉ. मिथुन चाटर्जी नामक व्यक्ति ने 15 मार्च को उनका ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई और अगले दिन 16 मार्च की रात क्लिनिक में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन के दौरान उचित चिकित्सा सुविधाएं और व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण युवक की स्थिति और खराब होती चली गई।

परिजन डॉक्टर द्वारा गलत तरीके से ऑपरेशन करने और आवश्यक सावधानियां न बरतने का भी आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन भी इस घटना की गहराई से पड़ताल कर रहा है।

## जनसुनवाई में 122 आवेदनों पर सुनवाई

**छतरपुर ।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई।

एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, तहसीलदार सहित विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त 122 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मंडल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।


जनसुनवाई में दिव्यांग की सुनवाई अलग से की गई। प्रभारी कलेक्टर ने जनसुनवाई में सड़क दुर्घटना में ग्राम सौरा निवासी जयराम विश्वकर्मा की दुःखद मृत्यु होने पर इनकी पत्नि कृष्णा विश्वकर्मा को सोलेशियम फण्ड योजनांतर्गत दि. न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सतना द्वारा जारी आर्थिक सहायता राशि 25 हजार रुपए का चेक सौंपा।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी घोषणा, परिषद् की बैठक में रखा जायेगा सीमा वृद्धि का प्रस्ताव**

# नगर पालिका क्षेत्र में होगी सीमा वृद्धि 6 नये वार्ड बढ़ने की संभावना

**जागरण, गंजबासौदा**

नगर पालिका क्षेत्र की सीमावृद्धि को लेकर राज्य सरकार द्वारा हरीझंडी दे दी है और नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने स्थानीय नगर पालिका सीएमओ को पत्राचार भी किया है। इस सीमावृद्धि से शहरी क्षेत्र में गंज, पठारी बासौदा, रजौदा, महागौर, वनबा जागीर, स्वरूपनगर, हरिपुर खैरूआ, हथोड़ा, हरदूखेड़ी, बैहलोट क्षेत्र के कुछ सर्वे नंबर शामिल किये जायेंगे। इसके साथ ही अब शहरी क्षेत्र में वार्ड बढ़ने की भी भरपूर संभावना है। वर्तमान में नगर पालिका के शहरी क्षेत्र में 24 वार्ड हैं और लगभग आवादी 75 से 78 हजार है। ऐसे में सीमा वृद्धि होने से नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 6 से अधिक वार्ड जुड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। जनसंख्या के अनुसार 1 वार्ड की औसत जनसंख्या लगभग 1500 की होती है। सीमा वृद्धि में जिन ग्रामों को शामिल किया गया है। उन ग्रामों के जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या का घनत्व भी रिकॉर्ड में लिया गया है। जिसमें गंज, हरदूखेड़ी, स्वरूपनगर, महागौर क्षेत्र बड़ी आवादी वाले क्षेत्र हैं।



### द्वारका नगरी योजना अंतर्गत होंगे विकास कार्य

23 नवंबर को गंजबासौदा को पहली बार पधारे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने क्षेत्रीय सुविधाओं को देखते हुए जनप्रतिनिधियों की मांग पर अपना पिटारा खोला था। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने नगर पालिका के वार्ड परिसीमन और विकास कार्यों के लिए अनुमान स्वीकृत करने की बात रखी थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन मांगों को मंच से ही स्वीकृत कर घोषणा की थी। जिस पर अब विभागीय स्तर पर पत्राचार होने लगे हैं। संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा जारी पत्र के अनुसार शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना पंचम चरण (द्वारका नगरी योजना) अंतर्गत प्रकरणों पर कार्यवाही के संदर्भ में पत्र प्रेषित किया है और उक्त जानकारियों को विकास कार्य के प्रस्ताव में शामिल करने के लिए नपा सीएमओ को निर्देशित भी किया गया है।

### बासौदा का नाम होगा वासुदेव नगर

बासौदा दौरे पर आये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने नगर का नाम वासूदेव नगर कराये जाने की मांग की थी और उन्होने खुले मंच से ही सबसे पहले इस मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की थी कि अब बासौदा को भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वासूदेव नगर के नाम से जाना जायेगा। इसके लिए भी अब तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। 25 मार्च को नगर पालिका की परिषद् बैठक में सर्व सहमति के साथ यह प्रस्ताव पास करके विभागीय पत्राचार किया गया जायेगा और राज्य सरकार गजट नोटिफिकेशन जारी करके इस प्रक्रिया को आगे बढ़ायेगी। फिल्हाल मुख्यमंत्री द्वारा नगर विकास को लेकर जो मुख्य मांगे रखी गई थी, उन्हे प्राथमिकता के साथ ही आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

## उपस्वास्थ्य केंद्र सियलपुर में डला रहता है दिन भर ताला




**जागरण, सिरोंज।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश से उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए ताकि ग्रामीणों को इलाज करने के लिए इधर-उधर ना भटकना पड़े लेकिन इसके विपरीत जन स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग लापरवाह साबित हो रहा है। यहां निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र अधिकतर समय बंद रहने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से शासन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। जिसकी जमीनी हकीक़त देखने पर सियलपुर उप स्वास्थ्य केंद्र पर मौके पर पहुंचकर जमीनी हकीक़त देखी पहुंचे तब देखने में आया कि 11 बजे तक उप स्वास्थ्य केंद्र सियलपुर पर ताले लगे हुए थे। करीब आधे घंटे तक उप स्वास्थ्य केंद्र के आसपास रुककर ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पूछताछ में ग्रामीणों द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र को अधिकतर समय बंद रहने की बात कही गई। उप स्वास्थ्य केंद्र सियलपुर के नजदीक पथरिया उप तहसील है और यहां कुछ झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक है जिन पर पूरी स्वास्थ्य सेवाएं निर्भर है। ऐसे में एक ओर स्वास्थ विभाग जहां झोलाझाप क्लीनिक संचालकों पर कार्रवाई कर रहा है वहां दूसरी ओर अपने विभाग के जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प रखने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कार्रवाई न होने के दर से हौसले बुलंद हो रहे हैं। लाखों रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं। यहां प्रसव सुविधा की व्यवस्था 24 घंटे है। अन्य स्टाफ द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र को खोला नहीं गया, तब ऐसे में इस स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य व्यवस्थाए कागजों में संचालित है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

## भावसार समाज ने मनाया मां हिंगलाज प्रकटोत्सव



**जागरण, गंजबासौदा।** माँ हिंगलाज प्रकट उत्सव को क्षत्रिय भावसार समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में भावसार समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा जो जय स्तंभ से प्रारंभ होकर सावरकर चौक स्थित श्री धनुषधारी मंदिर पहुंची। इस शोभा यात्रा में कन्यारूपी मां हिंगलाज के रूप में रथ पर सवार थी। इसके साथ ही नर्मदापुरम से आई प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री पदमा साहू व अन्य कलाकारों ने भजनों से समां बांधे रखा। एक रथ पर समाज की कुलदेवी माँ हिंगलाज के बलुचीस्तान स्थित शक्तिपीठ के स्वरुप को रखा गया। जिसकी जगह जगह पूजन कर आरती उतारी गई। यात्रा के पश्चात श्री धनुषधारी मंदिर सावरकर चौक पर हवन पूजन तथा पूर्णाहुति संपन्न हुई तथा सभी सामाजिक वंन्धुओं का भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## किसानों से बीज के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में जांच दल खेतों में पहुंचा



**जागरण, गंजबासौदा।** नगर में फाउंडेशन बीज के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी का मामला संज्ञान में आने के बाद जांच दल ने ग्राम फूफेर पहुंचकर शिकायतकर्ता किसानों के खेतों में पहुंचकर जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया है। मंगलवार को नटेरन के कृषि विभाग का दल फूफैर पहुंचा। दल में नटेरन के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन, राज रघुवंशी महू केन्द्र एवं कृषि वैज्ञानिक विनय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर फसल की जांच की एवं फाउंडेशन बीज में लगभग 5 प्रतिशत से अधिक मिलावट का होना बताया। जांच दल ने खेतों से बीज का सेंपिल भी अपने साथ जांच में शामिल किया है। ग्राम फूफैर के किसान भूपेन्द्र सिंह एवं नयनदीप सिंह ने बताया कि कैरोलाइन एग्रो लिमिटेड के प्रदीप रघुवंशी की दुकान से बीज खरीदा था। लेकिन जब खेत में मिक्स दाना आया तो उन्होंने इसकी शिकायत बीज विक्रेता से की बीज विक्रेताओं ने इसकी शिकायत भी उच्च अधिकारियों से की।

## बृज के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकनाट्य और लोकसंगीत की शानदार प्रस्तुतियां हुई

**जागरण, सिरोंज।** सोमवार को मेले में बृज क्षेत्र के प्रसिद्ध बृज दर्शन फोक ग्रुप द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माता महामाई के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मैया के अनन्य भक्त एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में बृज की पारंपरिक संस्कृति, लोकगीत और होली के रंगों से सराबोर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चारों धाम से निराला बृज धाम जैसी प्रस्तुतियों के साथ होली के रंगारंग कार्यक्रमों ने देर रात तक समा बांधे रखा। मंगलवार को मेले में दीक्षा भारती एवं जितेंद्र यादव जी और उनकी टीम के द्वारा अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। महामाई मेले में




बढ़ती भीड़ और कार्यक्रमों की निरंतरता को देखते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा द्वारा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ मैया महा माई की पूजन अर्चन से की गई बैठक में मेले की सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी दिनों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने पर एसडीएम कार्यालय के सामने दिया धरना

**जागरण गंजबासौदा।** लगातार तहसील के चक्कर काटने और जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद भी जब मोगिया समाज के बच्चों के नाम जाति प्रमाण पत्र नहीं बना तो आक्रोशित समाज के नागरिकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर एसडीएम के वाहन के सामने धरना देकर अपनी नाराजगी जताई। मौके पर पहुंची एसडीएम अनुभा जैन ने उनकी समस्या सुनी और हल करने का आश्वासन दिया है। जानकारी केअनुसार मंगलवार दोपहर ग्राम उदयपुर से आए मोगिया समाज के दर्जनों लोग पहले जनसुनवाई में पहुंचे जब वहां कोई सुनवाई नहीं हुई तो एसडीएम अनुभा जैन के वाहन के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि उनके पास पुराने शासकीय दस्तावेज और पूर्वजों के अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र होने के बावजूद नई पीढी के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। मोगिया समाज के लोगों ने बतायाकी बह अपनी फरियाद लेकर पहले जनसुनवाई में पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई संतोषजनक समाधान नहीं मिला। इसके बाद जब प्रदर्शनकारी अपनी बात रखने एसडीएम कार्यालय पहुंचे, तो एसडीएम बिना चर्चा किए वाहन से जाने लगीं।

इसी बात से नाराज होकर आदिवासी मोगिया समाज सुमित मोगिया, शुभम और आनंद मोगिया सहित अन्य ग्रामीण वाहन के सामने लेट गए, जिससे रास्ता जाम हो गया। एसडीएम अनुभा जैन को गाड़ी से नीचे उतरना पड़ा। उन्होंने मौके पर ही प्रदर्शनकारियों की फाइलें देखीं और उनकी शिकायतों को विस्तार से सुना प्रशासन की ओर से त्वरित जांच और नियमानुसार निराकरण के आश्वासन के बाद ही समाज के लोगों ने धरना समाप्त किया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रशासनिक संवेदनशीलता को लेकर ग्रामीणों ने भारी नाराजगी व्यक्त की।

## न्यूज़ कार्नर

### धर्म की बहेगी बयार भागवत कथा का शुभारंभ कल से

**विदिशा।** हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्र के अवसर पर मुखर्जी नगर के सी सेक्टर में शिव पार्क के पास संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सिद्ध श्री सियाराम आयोजन सेवा समिति के तत्वाधान में 19 मार्च से 25 मार्च के बीच सम्पन्न होगा। कथा की पूर्व बेला पर 18 मार्च को शंकर नगर मंदिर से शाम 4 बजे कलश यात्रा निकली जाएगी, जो कथा स्थल पहुंचकर सम्पन्न होगी। कथा का वाचन कथा व्यास पं. विशालकृष्ण बिट्टू महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक करेंगे। आयोजक गोलू चौधरी ने बताया कि इस कथा का उद्देश्य सभी सनातन बंधुओं को जागरुक कर धर्म से जोड़ना तथा लव जिहाद से बचने के लिए जागरुक करना है। सभी हिंदू भाई गुड़ी पड़वा पर ही अपना नव वर्ष मनाएं। नवरात्रि एवं अन्य हिंदू त्योहारों का सभ्यता से निर्वाह करें। आयोजन समिति के सुरेन्द्र कुशवाह, पार्षद प्रदीप शर्मा, विकी साहू, रूपेश तिवारी, सचिन दुबे, विकी चौधरी, ऋतिक शर्मा, अंश शर्मा, अंशुल सक्सेना ने श्रद्धालुओं से कलश यात्रा एवं कथा में अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है। उपरोक जानकारी बंगला घाट पुजारी हेमंत दुबे एवं अपूर्ण मंदिर उपदेश शास्त्री द्वारा दी गई है।

### एकीकृत माध्यमिक शाला अड़िया कला में हुआ सम्मान समारोह



**गुलाबगंज।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला अड़िया में आईडीबीआई बैंक मैनेजर, डॉ. इंदु दांगी संस्था प्रधान राजेश कुमार रजक द्वारा किया गया। एक बैंक द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला अड़ियाकला को वाटर कूलर और अलमारी प्रदान करने के उपलक्ष्य में संस्था प्रधान राजेश कुमार रजक ने बैंक मैनेजर, सहायक प्रबंधक एवं डॉ. इंदु दांगी, शिक्षा विभाग से बीएसी प्रताप सिंह कुशवाह, ग्यारसपुर एवं सुरेंद्र मेटोलिया सीएसी का फूल मालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक राजेश कुमार परिहार, जितेंद्र सिंह दांगी, माधव महावार और मुकेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### विदिशा में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भंडारण उपलब्ध

**विदिशा।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से जारी है। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज एलिया सहित अन्य सदस्यों अनिल सोनकर, सचिन ताम्रकार ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से सौजन्य मुलाकात कर जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर किए गए प्रशासनिक प्रबंधनों के लिए आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान पंकज एलिया ने बताया कि विदिशा जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और आम नागरिकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

### महिला की मौत के बाद गर्माया था मामला, निजी अस्पताल को किया गया था सील

# महिला की मौत के मामले में एक वर्ष बाद डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर

### अब कोतवाली पुलिस सभी संबंधितों के बयान लेकर करेगी चालान पेश

जागरण विदिशा

संतानहीनता का इलाज कराने के दौरान एक महिला की मौत के मामले में एक वर्ष बाद तीन डॉक्टरों के खिलाफ एफआईदर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम मूंडरा पीतांबर निवासी ज्योति रघुवंशी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले जांच रिपोर्ट में डॉक्टरों की लापरवाही होना सामने आया। इस पर कोतवाली पुलिस ने तीन डॉक्टरों के खिलाफ धारा 194 बी.एन.एस.एस. का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह मामला 14 फरवरी 2024 का है और उपचार के दौरान हुई महिला की इस मौत पर निजी अस्पताल के सामने काफी हंगामा हुआ था। अस्पताल के समीप बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा था और हंगामें के दौरान इस निजी अस्पताल को सीज करना पड़ गया था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में कलेक्टर द्वारा 24 फरवरी 2025 के जारी पत्र के माध्यम से घटना की जांच संपादित करने हेतु चार सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था, जांच दल द्वारा संपादित संपूर्ण जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष में लेख किया गया है कि, प्रकरण के पूर्ण परीक्षण उपरान्त जांच समिति डॉ.शरद कुशवाह एवं डॉ.अंकित श्रीवास्तव के विरुद्ध नियम विरुद्ध कार्य किये जाने पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित करती है। इसी के साथ ही वर्मा अस्पताल विदिशा में आवश्यक आपातकालीन सेवा सुविधा उपलब्ध न होने के उपरान्त भी हिस्ट्रोस्कोपी प्रोसीजर किये जाने पर अस्पताल संचालक के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित करना रिपोर्ट में लेख किया गया है।



परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए लापरवाही के आरोप, थाने पहुंचा मामला

उपचार के दौरान महिला की मौत, सड़क पर तीन घंटे चला प्रदर्शन, निजी अस्पताल सील

शासकीय डॉक्टरों की प्रायवेट प्रेक्टिस पर रोक लगाने की भी उठी मांग

आंदोलनकारी डॉक्टर की गिरफ्तारी पर अड़े रहे

दूसरे दिन सड़क पर प्रदर्शन, सील करना पड़ा निजी हास्पिटल

सीएमएचओ ने निजी हास्पिटल को किया सील

कलेक्टर के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी

**जागरण विदिशा।** एक वर्ष पूर्व हुए इस मामले में हुआ था जमकर प्रदर्शन।

#### जांच रिपोर्ट में इन डॉक्टरों की पाई गई लापरवाही

इस मामले सम्पूर्ण मर्ग जांच मृतिका ज्योति रघुवंशी के परिजनों के कथन, मृतिका की पी.एम. रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट, हिस्ट्रोपैथोलाजी रिपोर्ट एवं कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट के अनुसार आरोपीगण डॉ.शरद कुशवाह, डॉ.अंकित श्रीवास्तव व वर्मा हस्पिटल की संचालक डॉ.विधि वर्मा द्वारा मृतिका ज्योति रघुवंशी के ईलाज में लापरवाही बरतना पाया गया जो विधि अनुसार अपराध धारा 106(1) बी.एन.एस. की श्रेणी में आने से आरोपीगण के विरुद्ध अपराध धारा 106(1) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### बच्चादानी का चल रहा था इलाज

प्रकरण के संबंध में बताया गया कि ज्योति रघुवंशी पति राकेश रघुवंशी उम्र लगभग 26 साल, का बच्चा न होने से बच्चादानी का इलाज करीबन 8 माह से डॉ. शरद कुशवाह कि क्लीनिक पर सांची रोड विदिशा मे चल रहा था14 फरवरी 25 के सुबह करीबन 8 बजे डॉ. शरद कुशवाह ने बच्चादानी की जांच के लिये वर्मा अस्पताल शास्त्री नगर विदिशा में भर्ती कराया, करीबन सुबह 10.00 बजे जांच के लिये डॉ शरद कुशवाह एवं डॉ. विधि वर्मा व डॉ अंकित श्रीवास्तव तीनों ज्योति रघुवंशी को ऑपरेशन थेटर मे लेकर गये थे, दोपहर करीबन 2 बजे ज्योति को तीनों डॉक्टर एम्बूलेंस से जिला अस्पताल विदिशा ले गये थे, उसी समय पैसे जमा कराकर एक कागज पर पति से हस्ताक्षर कराये थे, पति का कहना था कि मौखिक रूप से मुझे नही बताया कि इस कागज पर क्या लिखा है। शाम करीबन 4 बजे मुझे वर्मा अस्पताल की एम्बूलेंस के ड्रायवर के द्वारा पता चला कि मेरी पत्नी ज्योति को जिला अस्पताल विदिशा में छोडकर आये है, फिर मैं जिला अस्पताल विदिशा पहुंचा जहां पत्नी ज्योति रघुवंशी जिला अस्पताल विदिशा के आईसीयू बार्ड में बेन्टीलेटर पर थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी थी। कोतवाली में यह रिपोर्ट लिखाते हुए पति ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की थी। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2025 में ज्योति रघुवंशी नामक महिला संतानहीनता का इलाज कराने वर्मा हॉस्पिटल पहुंची थी। यहां इलाज में लापरवाही के चलते महिला की मौत हो गई थी। मौत से गुस्साए परिजनों ने सांची रोड पर वर्मा हॉस्पिटल के सामने चक्काजाम कर दिया था। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ.योगेश तिवारी ने वर्मा हॉस्पिटल को कुछ दिनों के लिए सील भी कर दिया था। इसके बाद इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच हुई थी।जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने इन डाक्टरों के खिलाफ इलाज में लापरवाही की धारा 106/1 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

#### इनका कहना है

जांच रिपोर्ट के बाद इस रिपोर्ट से संबंधितों के बयान होंगे। इसके बाद चालान पेश किया जाएगा।

**आनंद राज**
**थाना प्रभारी कोतवाली, विदिशा**

### कलेक्टर की अधिकारियों को चेतावनी- लंबित आवेदनों को गंभीरता से लें

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जिले में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अनावश्यक रूप से लंबित रखे गए आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने-अपने विभागों की समीक्षा करें तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। साथ हीए आवेदनों के निराकरण में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित कर आम नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने ग्रीष्मकाल को ध्यानगत रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर विशेष बल देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से जबावदेंही सौंपते हुए निर्देशित किया है कि पेयजल संबंधी समस्याओं का निदान एक दिन में ही कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पादित किए जाने वाले कार्यो पर भी विशेष ध्यान देकर जल संचय और पूर्व जल स्त्रोतो को पुर्नजीवित बनाए रखने के लिए तमाम प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं।

## नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में गूंजा एसएटीआई का नाम

जागरण विदिशा

चित्रकूट में 8 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना में विदिशा जिले से 4 स्वयंसेवकों का चयन हुआ था। इनमें सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान एसएटीआई विदिशा की स्वयंसेविका नीलिमा झपाटे ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया और संस्थान का नाम गौरवान्वित किया।

शिविर के दौरान चित्रकूट की पावन धरा पर विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा कामदगिरि क्षेत्र के तालाबों की सफाई एवं गहरीकरण, मंदाकिनी नदी स्वच्छता अभियान तथा श्रमदान जैसे सामाजिक कार्य किए गए। साथ ही कामदगिरि परिक्रमा, गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा और अनसूया माता मंदिर जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण भी किया गया।

प्रतिदिन आयोजित प्रभात फेरी, योग एवं पीटीए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नीलिमा झपाटे ने पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। उनकी मेहनतए नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच ने अन्य स्वयंसेवकों को भी प्रेरित किया।

नीलिमा झपाटे की इस उपलब्धि पर संस्थान परिवार एवं एनएसएस इकाई ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 165 आवेदनों में से मौके पर 95 का निराकरण

जागरण विदिशा

मंगलवार 17 को आयोजित जनसुनवाई में 165 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 95 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंनें विभागों में लंबित आवेदनो पर क्या.क्या कार्यवाही संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों द्वारा की गई है कि अद्यतन स्थिति से अवगत हुए है।

## धनौरा बेरखेड़ी गांव में हुई मारपीट के मुख्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

### मामले में फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी

जागरण विदिशा

जिले के धनौरा बेरखेड़ी गांव में हुई एक मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। सिविल लाइन पुलिस ने यह कार्रवाई कानून व्यवस्था का संदेश देने के उद्देश्य से की।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले धनौरा बेरखेड़ी गांव में आपसी विवाद के दौरान अमजद खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर भूरा खान से मारपीट की थी। इस घटना में भूरा खान गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया। घायल भूरा खान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों की तलाश के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अमजद खान को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देना है। पुलिस के अनुसार आरोपी अमजद खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 326 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्र ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कार से बचते समय पुलिया से टकराए तीन बाइक सवार, गंभीर घायल

### तिवारी ने तीनों घायलों को पहुंचाया अस्पताल



जागरण विदिशा

सोमवार रात करीब 10 बजे विदिशा बाईपास पर होटल ग्रैंड भेलसा के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में तीन बाइक सवार पुलिया से जा टकराय जिससे वे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में छोटू, संतोश और संदीप शामिल हैं, जो बीना के पास के गांवों के रहने वाले हैं और फसल कटाई के लिए विदिशा आए थे। तीनों एक बाइक पर सवार थे और कार से बचने के दौरान पुलिया से जा टकराय। छोटू को सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि संतोश का एक पैर टूट गया है। तीनों को मेडिकल कॉलेज विदिशा में भर्ती कराया गया है। छोटू की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी आदर्श तिवारी और राजा यादव मौके पर पहुंचे और अपनी निजी वाहन से दो घायलों को और एम्बुलेंस से एक घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, साथ ही उनके परिजनों को सूचना दी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने अंगूर से भरे लोडिंग को मारी टक्कर

शहर के वायपास पर महाराज खेल सिंह खंगार प्रतिमा के पास मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक लोडिंग को ऑटों टक्कर मारी दी। ट्रक की टक्कर से लोडिंग वाहन ड्रायवर घायल हो जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अंगूर से भरे लोडिंग ऑटो को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो चालक घायल हो गया और सड़क पर गिरे अंगूरों को लोगों ने लूट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंगूर से भरा लोडिंग ऑटो भोपाल की ओर से आ रहा था और फ्लाईओवर से गुजर रहा था। इसी दौरान मिर्जापुर की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रक गलत दिशा में आ गया और उसने ऑटो को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में लोडिंग ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल ऑटो चालक को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## बाइक चोर को विदिशा पुलिस ने भोपाल से किया गिरफ्तार

**जागरण विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा बाइक चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार बरामद की गई है। उक्त प्रकरण में थाना सिविल लाइन में बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



इस पुलिस ने जिस आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है उसमें सचिन पारधी उम्र 32 वर्ष निवासी गांधी नगर शामिल है। पुलिस ने उक्त आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड निकाला जिसमें आरोपी सचिन पारधी का आपराधिक रिकॉर्ड भी गंभीर पाया गया है। उसके विरुद्ध राज्य के विभिन्न जिलों में पूर्व से ही कुल 26 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है। पुलिस द्वारा उसके आपराधिक इतिहास का विस्तृत सत्यापन किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन आरके मिश्र, उपनिरीक्षक एलएन गिरी, घुमन सिंह, राधेलाल बरकड़े, आरक्षक मोहित गोस्वामी, दिनेश रघुवंशी, वीरेंद्र धाकड़, संजय सिंह, सोनू अहिरवार, अमर जाटव, नीरज हजारी एवं चालक अभिषेक सूर्यवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## मंदिर का शिखर व ध्वज समाज की उन्नति गौरव एवं विजय के प्रतीक हैं: मुनिश्री

### नवनिर्मित मंदिर पर पांच शिखरों की हुई स्थापना, हुआ प्रथम मस्तकाभिषेक

जागरण विदिशा

शीतलधाम स्थित बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ मंदिर में मंगलवार को धार्मिक आयोजन हुआ। निर्यापक मुनिश्री संभवसागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज और मुनिश्री संस्कार सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में नवनिर्मित मंदिर पर पांच शिखरों की स्थापना की गई। इसके साथ ही शिखर पर पीतल के ध्वज दंड की विधिवत प्रतिष्ठा भी हुई।

इस अवसर पर बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का प्रथम मस्तकाभिषेक किया गया। इस अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। विदिशा के अलावा भोपाल, रायसेन और बासौदा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अभिषेक में शामिल होने पहुंचे।

मुनिश्री के मुखारविंद से विश्व शांति की मंगल भावना के साथ शांति धारा संपन्न हुई। प्रथम अभिषेक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।



इस मौके पर एक धर्म सभा का आयोजन भी किया गया। इसमें मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि कोई भी मंदिर शिखर के बिना अधूरा माना जाता है, ठीक उसी प्रकार धर्म और साधना के बिना मनुष्य का जीवन भी अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि जैसे मंदिर का शिखर आकाश को स्पर्श करता है, वैसे ही मनुष्य का लक्ष्य भी आत्मकल्याण और मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए। मुनिश्री ने बताया कि मंदिर का शिखर और ध्वज समाज की उन्नति, गौरव और विजय के प्रतीक हैं, जो हमें उच्च विचार और श्रेष्ठ आचरण की प्रेरणा देते हैं।

पंचकल्याणक समिति के स्वागताध्यक्ष संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि विदिशा की भूमि भगवान शीतलनाथ स्वामी के चार कल्याणकों से पवित्र रही है। उन्होंने जोड़ा कि अब पंचकल्याणक महोत्सव के आयोजन से जैन महाविद्यालय की भूमि भी पुण्यभूमि बन गई है।

### अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी ने आदिवासी वर्ग को जमीन का अधिकार दिलाने सौंपा ज्ञापन

## सिर पर काले मटके रखकर किया विरोध प्रदर्शन

जागरण विदिशा



अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी ने आदिवासी वर्ग को उनकी जमीन का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर सिर पर काले मटके रखकर स्वामी विवेकानंद चौराहे से कलेक्ट्रेट तक विरोध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा। आदिवासी वर्ग को उनकी जमीन का अधिकार दिलाने के लिए अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी ने यह विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जताने के लिए स्वामी विवेकानंद चौराहा से रैली की शुरुआत की। नारेबाजी करते हुए सभी प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार और अन्य पदाधिकारियों ने विरोध के प्रतीक के तौर पर अपने सिर पर काला मटका रखा था।

ज्ञापन में ग्राम रामपुरा की 12.103 हेक्टेयर भूमि से संबंधित एक लंबित मामले का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। समिति ने प्रशासन को बताया कि इस भूमि के राजस्व अभिलेखों में कई विसंगतियां पाई गई हैं। वर्ष 2013 के रिकॉर्ड के अनुसार इस भूमि का स्वामित्व दर्ज था, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किए गए। समिति का कहना है कि राजस्व रिकॉर्ड में किए गए इन बदलावों ने आदिवासी वर्ग के अधिकारों को प्रभावित किया है।

इस पर कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण पात्र हितग्राहियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में राजस्व मंडल मध्यप्रदेश के 18 फरवरी 2026 के आदेश का तत्काल पालन करने की मांग की गई है। समिति ने संबंधित भूमि पर आदिवासी वर्ग को जल्द से जल्द कब्जा दिलाने की मांग रखी है। इसके साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार कर आदिवासियों के अधिकार सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

#### न्यायालय के आदेश का जमीनी स्तर पर नहीं हुआ पालन

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में न्यायालय द्वारा आदेश पारित किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार और जिला कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा किए पाप का घड़ा भर चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा गरीबों को दिए गए पट्टों को फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से बदल दिया गया है। समिति ने चेतावनी दी है कि ऐसे फर्जी पट्टों को निरस्त कर जमीन पुनः पात्र लोगों को दी जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।